## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–09.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्य निर्वाचन पदाअधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को फॉर्म–6 के लंबित आवेदन का सक्रियता से निष्पादन करने का दिया निर्देश, रांची लोकसभा क्षेत्र में 27 उड़न दस्ता का गठन।
- वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बालाघाट में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, 21 अप्रैल को झामुमो की न्याय उलगुलान रैली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे, होंगे शामिल।
- प्रवर्तन निदेशालय– ईडी बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद से आज भी करेगा पूछताछ, रंगदारी, लेवी वसूली, अवैध बालू कारोबार सहित अन्य आरोपों पर कल हुई थी पूछताछ।
- राष्ट्रपति, उप–राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल ने चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुडी पड़वा, चेती चांद, नवरेह और साजिबू चेरोबा के अवसर पर लोगों को दी शुभकामनाएं।

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि वे फॉर्म–6 के प्राप्त लंबित आवेदनों का सक्रियता से निष्पादन करें। उन्होंने कहा है कि एक भी वोटर मतदान करने से वंचित न रहें। योग्य मतदाता जिसका अभी भी वोटर लिस्ट में नाम नहीं चढ़ा है वो फॉर्म–6 भरकर दें। उन्होंने कहा है कि उड़न दस्ता अपने क्षेत्र में सक्रियता से भ्रमण करे और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव के लिए 27 उड़न दस्ता का गठन किया गया है। इसमें मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त वीडियोग्राफर भी रहेंगे। यह दस्ता चौबीस घंटे कार्य करेगा। चुनाव को प्रभावित करने वाले कारकों, नकद, शराब और मुफ्त में दी जाने वाली सामग्रियों पर दस्ता द्वारा कड़ी निगरानी की जाएगी।
इधर रांची जिले में चार विधानसभा क्षेत्रों के 63 मतदान केंद्रों के भवनों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। कल जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने मतदान केंद्रों के भवनों के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की। इसमें तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 7, रांची विधानसभा क्षेत्र के 3, हटिया विधानसभा क्षेत्र के 23 और मांडर विधानसभा क्षेत्र के 30 मतदान केंद्रों के भवन शामिल हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पूर्वोत्तर नए भारत की सफलता की सबसे बड़ी गाथा के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षो में पूर्वोत्तर में विकास के लिए निवेश की राशि का आवंटन कांग्रेस सरकार की तुलना में लगभग चार गुना बढ़ा है। एक अखबार के साथ भेंट वार्ता में श्री मोदी ने कहा कि पिछले एक दशक में क्षेत्र में बुनयादी सुविधाओं के विकास से पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि देश का पहला खेल विश्वविद्यालय मणीपुर में खोला गया है और सरकार पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में दो सौ से अधिक खेलों इंडिया केंद्र स्थापित कर रही है।

*******************

मध्यप्रदेश में स्टार प्रचारकों के दौरों के साथ ही लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी आज बालाघाट में एक सभा को संबोधित करेंगे।

*******************

झामुमो की ओर से 21 अप्रैल को धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित होने वाली न्याय उलगुलान रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान सिंह, उधव ठाकरे और तेजस्वी यादव शामिल होंगे। इन नेताओं ने रैली में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति दे दी है।

*******************

कोडरमा जिले में चुनावी कार्यों को पूरी तरह से डिजिटल बनाया जा रहा है और इसके लिए कई एप बनाए गए हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद से कल पूछताछ की थी। ईडी ने आज भी उन्हें पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया है। ईडी ने दर्ज ईसीआईआर में अंबा प्रसाद के परिवार पर रंगदारी, लेवी वसूली, जमीन पर अवैध कब्जा और बालू के अवैध कारोबार के गंभीर आरोप लगाए हैं। कल हुई पूछताछ में अंबा प्रसाद से ईडी के अधिकारियों ने इन आरोपों के संबंध में पूछताछ की थी। आज भी इसी संबंध में उनसे पूछताछ की जानी है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुडी पडवा, चेती चांद, नवरेह और साजिबू चेरोबा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये उत्संव भारतीय नववर्ष और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में शांति, एकता और सहिष्णुता के संदेश के प्रसार के साथ ये उत्सव मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

*******************

आज से वासंतिक नवरात्र और हिंदू नववर्ष शुरू हो गया है। आज पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। राजधानी रांची में श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति भुताहा तालाब की ओर से भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया है। समिति की ओर से भव्य काल्पनिक पंडाल बनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के लिए यहां सप्तमी को दर्शन के लिए मां दुर्गा का पट खोला जाएगा।
इधर राजधानी की दो प्रमुख मुस्लिम धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख ने लोगों से आज ईद का चांद देखने की अपील की है। इस दिन रमजान माह की 29 तारीख है और इस दिन चांद नजर आने की संभावना रहती है। आज चांद नजर आया तो आज ही चांद रात होगी और कल ईद मनायी जाएगी। यदि आज चांद नजर नहीं आया तो 11 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से छपने वाले लगभग सभी अखबारों ने विधायक सरयू राय और धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के बीच बढ़ा विवाद को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है– न्याय उलगुलान रैली की कल्पना सोरेन ने संभाल ली है तैयारी की कमान।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– ढुल्लू ने सरयू को भेजा कानूनी नोटिस, माफी मांगे नही ंतो केस करेंगे। सरयू बोले– नोटिस जवाब देने लायक नहीं है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है – निकाय चुनाव आदेश पर रोक से कोर्ट का इन्कार।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – कुड़मी को आदिवासी दर्जा पर सुनवाई को हाईकोर्ट तैयार।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होगी, यह मोदी की गारंटी।

और रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– चतरा में 10 करोड़ के अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार में सेंसेक्स–निफ्टी उच्चस्तर पर, इस खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

************